कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कुमार गुर्जर निवासी डांगरा जालोर राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 43/2022

निर्णय दिनांक 29.04.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/737 दिनांक 18.04.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2022/416 दिनांक 20.04.2022 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, जिसके द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मण्डल बांदीकुई से संबंधित है। नगरपालिका से संबंधित सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की अपील सुनने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.05.25 10:30:21 IST
Reason: SelfAttested